UP Board Solutions for Class 6 Hindi Chapter 18 बहादुर बेटा (मंजरी)

प्रश्न-अभ्यास

विचार और कल्पना

प्रश्न 1.
"आप लोग दुनिया की इतनी सेवा करते हैं। कभी-कभी हमें भी अवसर दिया कीजिए।" आपके विचार से माँ ने ऐसा क्यों कहा ?
उत्तर :
माँ ने ऐसा इसलिए कहा क्यांकि रेडक्रॉस के युवक-युवती दिन-रात मेहनत कर बाढ़पीड़ितों की मदद कर रहे थे। उन्होंने उनके बड़े बेटे संदीप का उपचार भी किया। इसी कारण स्नेह और कृतज्ञतावश माँ ने उनकी आवभगत करने की इच्छा जताई।

प्रश्न 3.
प्राकृतिक आपदाएँ जैसे-बाढ़, सूखा, भूकम्प आदि अचानक आती हैं। सोचें और बताएँ कि इन आपदाओं के आने पर हमें क्या करना चाहिए और क्या नहीं ?
उत्तर :
बाढ़ आने पर हमें किसी ऊँचे स्थान पर शरण लेनी चाहिए। सूखा पड़ने पर हमें अकालपीड़ितों की मदद करनी चाहिए। भूकंप आने पर घर से बाहर खुले स्थान में चले जाना चाहिए। इन तीनों स्थितियों में हमें घबराहट में बचाव के लिए कोई उलटा-सीधा कार्य नहीं करना चाहिए।

एकांकी से

प्रश्न 1.
निम्नलिखित वाक्यों को पढ़कर पाठ के आधार पर उनको सही क्रम में लिखिए (सही क्रम में लिखकर)
उत्तर :

(ग) बड़े जोर का तूफान आया है।
(क) नदियों में बाढ़ आ गई है।
(ख) गाँव-के-गाँव बह गए।
(घ) चारों तरफ हाहाकर मची है।

प्रश्न 2.
संदीप के होश में आने पर डॉक्टर युवक ने किस क्रम में सबका परिचय कराया? सही क्रम चुनें (चुनकर) –
उत्तर :
(ग) माँ, बहन, भाई और साथी

प्रश्न 3.
पाठ के आधार पर निम्नलिखित वाक्यों को पूरा कीजिए (पूरे करके) –
उत्तर :

(क) जो कोई जो कुछ भी कर सके, करे।
(ख) जो युवक हैं और स्वस्थ हैं, वे वहाँ जाकर लोगों को बचाने का काम करें।
(ग) जो धनी हैं, वे धन दें।
(घ) जिनके पास अनाज है, वे अनाज दें।

प्रश्न 4.
निम्नलिखित कथोपकथन किसके द्वारा कहे गए हैं –
उत्तर :

(क) मेरे पास पैसा तो नहीं है, लेकिन जो कुछ हो सकता है अवश्य करूंगी। – माँ के द्वारा
(ख) मैं नदी के पास क्यों जाऊँगा, वह तो खुद ही हमारे पास आ गई है। – कुलदीप के द्वारा
(ग) एक परिवार को तो हम भी अपने घर में रख सकते हैं। – मधुर के द्वारा
(घ) जिनके पास अनाज हैं। – कुलदीप के द्वारा

प्रश्न 5.
ट्रक को देखकर मथुर ने अपनी माँ से बाढ़पीड़ितों के बारे में क्या कहा?
उत्तर :
मधुर ने माँ से कहा कि ऐसा लगता है कि ये बाढ़पीड़ित गाँवों से लोगों को निकालकर ला रहे। हैं। क्यों माँ, एक परिवार को तो हम भी अपने घर में रख सकते हैं!

प्रश्न 6.
युवक और युवती द्वारा चलने की आज्ञा लेते समय माँ ने क्या कहा?
उत्तर :
माँ ने कहा कि आप लोग दुनिया की इतनी सेवा करते हैं। कभी-कभी हमें भी अवसर दिया कीजिए।

प्रश्न 7.
एकांकी के कौन से संवाद आपको अच्छे लगे?
उत्तर :

1. मैं नदी के पास क्यों जाऊँगा। वह तो खुद ही हमारे पास आ गई है।
2. हम भी तो आपके ही हैं और फिर आपने कम सेवा की है क्या?
   (कुलदीप और युवती का संवाद) ये दोनों संवाद मुझे बहुत अच्छे लगे।

भाषा की बात

प्रश्न 1.
पाठ में प्रयुक्त निम्नलिखित अँग्रेजी शब्दों का हिन्दी बहुवचन रूप बनाइए (बनाकर) –

- **ट्रेन** – ट्रेनों में (विभक्ति सहित)
- **कैंप** – कैंपों में (विभक्ति सहित)

https://www.evidyarthi.in/

- **स्कूल –** स्कूलों में (विभक्ति सहित)
- **डॉक्टर –** डॉक्टरों ने (विभक्ति सहित)
- **इंजेक्शन –** इंजेक्शनों के लिए (विभक्ति सहित)

प्रश्न 2.
नीचे लिखे मुहावरों का वाक्य में प्रयोग कीजिए (प्रयोग करके) –
उत्तर :

- **हाहाकार मचना –** बम विस्फोट होने पर बाजार में चारों तरफ हाहाकार मच गई।
- **सब कुछ लुटा देना –** युधिष्ठिर ने जुए में अपना सब कुछ लुटा दिया।
- **चैन से न बैठना –** जब तक सफलता नहीं मिले, चैन से नहीं बैठना चाहिए।